प्रेस विज्ञप्ति

17 फरवरी 2023

श्री आर.एस. ढिल्लों, सीएमडी, पीएफसी को '9वें पीएसयू अवार्ड्स और कॉन्फ्रेंस' में प्रतिष्ठित "सीएमडी लीडरशिप अवार्ड" से सम्मानित किया गया

)

न्यायमूर्ति दीपक मिश्रा, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश, उच्चतम न्यायालय से पुरस्कार प्राप्त करते हुए श्री आर. एस. ढिल्लों।

महारत्न कंपनी और विद्युत क्षेत्र में भारत की अग्रणी एनबीएफसी, पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री रविंदर सिंह ढिल्लों को गवर्नेंस नाउ (सब टीवी ग्रुप) द्वारा प्रतिष्ठित **"सीएमडी लीडरशिप अवार्ड (महारत्न)"** से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान उनके शानदार नेतृत्व, ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में की गई अभूतपूर्व पहलों, उल्लेखनीय उपलब्धियों और विद्युत क्षेत्र के त्वरित विकास में उनके योगदान के लिए दिया गया। श्री ढिल्लों ने यह पुरस्कार भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति दीपक मिश्रा से प्राप्त किया।

इस कार्यक्रम को भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय का समर्थन प्राप्त था। इस पुरस्कार समारोह में राज्य और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के गणमान्य व्यक्तियों और प्रमुख अधिकारियों, सरकार के प्रमुख कर्मियों, वरिष्ठ नौकरशाहों और नीति निर्माताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

श्री ढिल्लों के नेतृत्व में, पीएफसी ने अक्षय ऊर्जा और परिचालन संपत्तियों के पुनर्वित्त पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने न केवल पीएफसी को 'महारत्न' (एक सीपीएसई के लिए सर्वोच्च मान्यता) का दर्जा दिलाने का नेतृत्व किया, बल्कि सीमा पार वित्तपोषण और बुनियादी ढांचे व रसद क्षेत्र में नए बाजार खंडों में व्यापार विस्तार के प्रयासों को भी आगे बढ़ाया। इसमें ई-मोबिलिटी, मेट्रो प्रोजेक्ट्स, परमाणु ऊर्जा, बायो-एथेनॉल, तेल रिफाइनरी, लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं आदि का वित्तपोषण शामिल है।

श्री आर.एस. ढिल्लों के पास थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी से बी.ई. (इलेक्ट्रिकल) और आईआईटी दिल्ली से पावर सिस्टम्स में एम.टेक. की डिग्री है। श्री ढिल्लों के पास विद्युत क्षेत्र की पूरी मूल्य श्रृंखला में 38 वर्षों से अधिक का विविध अनुभव है। उनके कार्य अनुभव में बीएचईएल में पावर जनरेटिंग उपकरणों की डिजाइनिंग में 3 साल, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण में पावर सिस्टम की मैक्रो-लेवल प्लानिंग में 6 साल और पीएफसी में 29 साल का अनुभव शामिल है, जहाँ उन्होंने प्रोजेक्ट अप्रेजल, फाइनेंशियल मॉडलिंग, प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग और स्ट्रेस्ड एसेट रेजोल्यूशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इस समारोह में पीएफसी को दो और पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया, अर्थात्: "सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता (वित्त)" और "उभरती प्रौद्योगिकियों का उपयोग: क्लाउड"।

अधोहस्ताक्षरी/-

(एस. एस. राव)

मुख्य महाप्रबंधक (जनसंपर्क)